आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

मंगल को मिलेगी मंगलकारी जीत - 10

जुलाई में वापस लौटेंगी मनीषा - 12

www.jagran.com




# शिक्षा में क्रांति लाने शिल्पांचल आया डीपीएस

**जाका, आसनसोल :** देश में शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की अपनी एक अलग ही पहचान है। अब आसनसोल में भी दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी शिल्पांचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आ चुकी है। आसनसोल के एथोड़ा में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। शिक्षण वर्ष 2013-14 के लिए स्कूल में नामांकन भी चालू हो गया है। डीपीएस आसनसोल के प्रो वाइस चेयरमैन रमेश गोयनका ने कहा कि डीपीएस आसनसोल ऐसी शिक्षा देने में विश्वास रखती है जो शिक्षा को जीवन का हिस्सा बनाने के साथ ही जीवन की राह बनाती है। कहा कि डीपीएस आसनसोल विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस स्कूल होगा। जो शिल्पांचल में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगा। बताया कि डीपीएस आसनसोल में सुविधाओं से परिपूर्ण कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी, आर्ट, म्यूजिक एवं डांस के लिए अलग-अलग कक्ष, आडियो-विजुअल रूम, इंडोर एवं आउटोडर खेलों की सुविधा, स्वीमिंग पुल, क्रिकेट का मैदान, नेट प्रैक्टिस आदि चीजें होंगी। यहां सीबीएसई पैटर्न पर नर्सरी से 12 वीं तक की शिक्षा दी जाएगी।